doubtnut
India's Number 1 Education App

PHYSICS

BOOKS - BANSAL PHYSICS (HINDI)

ROTATIONAL MECHANICS

Illustration

1. चित्र में दर्शाए अनुसार M द्रव्यमान व L लम्बाई की एक एकसमान छड़ जो एक अक्ष से θ कोण पर है, का जड़त्व आघूर्ण ज्ञात कीजिए।

उत्तर देखें

Exercise 1 Objective Questions Single Correct Choice Type

1. एक भारहीन छड़ के सिरे A एवं B पर दो उर्ध्वाधर बल क्रमशः 2N एवं 4N लग रहे है। छड़ AB की लम्बाई 3m है।। छड को साम्यवस्था में रखने के लिये 6N का बल किस प्रकार लगाना होगा

A. a. A एवं B के बीच किसी भी बिन्दु पर नीचे की ओर

B. b. AB के मध्य बिन्दु पर नीचे की ओर

C. c. C पर नीचे की ओर जहाँ AC = 1m.

D. d. D पर नीचे की ओर जहाँ BD = 1m.

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

2. एक m द्रव्यमान समकोणीय त्रिभुजाकार प्लेट ABC उर्ध्वाधर तल में A से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष घूर्णन कर सकती है। यह रस्सी से इस प्रकार बंधी है

कि भुजा AB क्षैतिज है , साम्यवस्था में A पर प्रतिक्रिया होगी।



A. $\frac{mg}{3}$

B. $\frac{2mg}{3}$

C. $\frac{mg}{2}$

D. mg

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

पीडीएफ उत्तर देखें

3. 500N भार एवं 1 m त्रिज्या की एक पतला छल्ला चित्रानुसार खुरदरे नततल पर स्थिर स्थित है। निकाय के लिये न्यूनतम घर्षण गुणांक होगा-



A. $\frac{1}{3\sqrt{3}}$

B. $\frac{1}{\sqrt{3}}$

C. $\frac{1}{2}$

D. $\frac{1}{2\sqrt{3}}$

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

4. मूल बिन्दु O पर स्थित एक घर्षण रहित बिन्दु से एक ठोस शकु लटका है। यदि $\hat{i}, \hat{j}$एवं $\hat{k}$ इकाई सदिश हो तथा a, bएवं cधनात्मक स्थिरांक है। शंकु की परिधि पर बिन्दु P पर निम्न में से कौनसा बल आरोपित किया जाए जिसके परिणाम के

शंकु पर बलापूर्ण τ का घटक τ_Z ऋणात्मक हो जाए ?



A. $F = a\hat{k}, Pis(0, b, -c)$

B. $F = -a\hat{k}, Pis(0, -b, -c)$

C. $F = a\hat{j}, Pis(-b, 0, -c)$

D. कोई नहीं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

5. एक असमरूप गोला नत तल पर इस प्रकार रखा जा सकता है कि यह साम्यावस्था में रहें। नीचे दिए गये चित्र में बिन्दु द्रव्यमान केन्द्र दर्शाते है। किस स्थिति के लिये गोला साम्यवस्था में रह सकता है ?



वीडियो उत्तर देखें

6. b' भुजा एवं M द्रव्यमान का एक समरूप घन खुरदरी क्षैतिज टेबल पर स्थित है। आधार से 3b/4 ऊँचाई पर किसी फलक के एक बिन्दु पर क्षैतिज बल F आरोपित किया जाता है। घन एवं टेबल के मध्य घर्षण गुणांक (μ) क्या हो कि यह फिसलने से पहले किनारे से पलट जाए?



A. $\mu > \frac{2}{3}$

B. $\mu > \frac{1}{3}$

C. $\mu > \frac{3}{2}$

D. none

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

7. एक समरूप घनाकार ईंट खुरदरे नततल पर गतिहीन रखा है। ईंट का कौनसा आधा हिस्सा तल पर ज्यादा दाब लगाएगा :



A. बायीं ओर का आधा

B. दायीं ओर का आधा

C. दोनों समान दाब लगाएगें

D. उत्तर घर्षण गुणांक पर निर्भर करेगा

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

8. 2kg द्रव्यमान का एक समरूप बेलन प्रायोगिक गाड़ी पर चित्रानुसार स्थित है। बेलन एवं गाड़ी के मध्य घर्षण गुणांक 0.5 है। यदि बेलन का व्यास 4 cm एवं ऊँचाई 10 cm तो निम्न में से कौनसा गाड़ी का न्यूनतम त्वरण बेलन को पलटाने

के लिये आवश्यक होगा?



A. $2m/s^2$

B. $4m/s^2$

C. $5m/s^2$

D. $6m/s^2$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

9. एक भारी झुला (seesaw) (i.e., भारहीन नही) सन्तुलन (balance) में नही है। एक हल्की लड़की एक सिरे पर बैठती है जिससे यह नीचे झुकता है एवं एक भारी वस्तु इसके दूसरी तरफ रखते है। जिससे अब झुला संतुलित हो जाता है। अब वे दोनों आगे गति करते है ताकि वे सहारा बिन्दु (आधार) से वास्तविक दूरी की आधी दूरी पर आ जाते है तो झुले का क्या होगा?

A. जिस तरफ वस्तु रखी है, यह नीचे झुक जाएगी

B. जिस तरफ लड़की बैठी है, पुनः नीचे झुक जाएगी

C. कुछ नही, उपर नीचे वाला झुला अभी भी साम्य (balanced) में रहेगा

D. द्रव्यमान एवं दूरी ज्ञात हुए बिना कहना असम्भव है

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

10. सर्कस में एक मजबूत रस्सी पर चलने वाले आदमी ने एक लचीला डण्डा पकड़ रखा है जो उसे रस्सी पर संतुलित करने में मदद करता है। लचीले डण्डे को पकड़ने एवं रस्सी के लम्बवत् रखने से आदमी को मदद मिलती है।



A. कुल गुरूत्वीय केन्द्र नीचे करने से

B. घूर्णन आघूर्ण बढ़ाने से

C. गुरूत्वीय केन्द्र रस्सी के उपर रखने से

D. गुरूत्वीय केन्द्र रस्सी के नीचे रखने से

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

11. तीन वस्तुओं का समान द्रव्यमान m है। वस्तु A,R त्रिज्या को ठोस बेलन, वस्तु B,R भुजा की वर्गाकार पटल एवं वस्तु C,R त्रिज्या का ठोस गोला है। उनके द्रव्यमान केन्द्र से गुजरने वाली एवं तल के लम्बवत् (पटल के लिये) किस वस्तु का जड़त्व आघूर्ण न्यूनतम होगा।

A. A

B. B

C. C

D. A and C both

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

12. चित्र में दर्शाए अनुसार समरूप वर्गाकार प्लेट का अक्ष APC एवं OPO' के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण क्रमशः I_1 एवं I_2 है। P वर्ग का केन्द्र है। जड़त्व आघूर्ण $\frac{I_1}{I_2}$ का मान होगा



A. $\frac{1}{\sqrt{2}}$

B. 2

C. $\frac{1}{2}$

D. 1

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

13. प्लेट जो M द्रव्यमान के समकोण त्रिभुज के आकार में काटी जाती है, भुजा AC = BC =a का प्लेट के तल के लम्बवत् एवं AB के मध्य बिन्दु से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा



A. $\frac{Ma^2}{12}$

B. $\frac{Ma^2}{6}$

C. $\frac{Ma^2}{3}$

D. $\frac{2Ma^2}{3}$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

14. M द्रव्यमान एवं L लम्बाई की पतली समरूप छड़ के लम्बअर्द्धक के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण I_1 है। छड़ को अर्द्धवृत्ताकार चाप के रूप में मोड़ा जाता है। अब अर्द्धवृत के केन्द्र से गुजरने वाले एवं तल के लम्बवत् अक्ष के सापेक्ष आघूर्ण I_2 है। अनुपात $I_1 : I_2$ होगा।

A. < 1

B. > 1

C. $= 1$

D. can't be said

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

15. एक चौथाई सेक्टर को R त्रिज्या की एक समान वृत्ताकार चकती से काटा गया है। इस सेक्टर का द्रव्यमान M है। यह पूल चकती के केन्द्र से गुजर रहे तथा इसके तल के लम्बवत् रेखा के परिता घूर्णन करने दिया जाता है। घूर्णन अक्ष के

परिता जड़त्व आघूर्ण होगा



A. $\frac{1}{2}MR^2$

B. $\frac{1}{4}MR^2$

C. $\frac{1}{8}MR^2$

D. $\sqrt{2}MR^2$

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

16. एक समरूप वर्गाकार प्लेट का केन्द्र से गुजरने वाली एवं दो भुजाओं के समान्तर अक्ष AB के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण I है। प्लेट के तल में केन्द्र से गुजरने वाली एवं AB से θ कोण पर रेखा CD है। प्लेट का अक्ष CD के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा।

A. I

B. $I\sin^2\theta$

C. $I\cos^2\theta$

D. $I\cos^2(\theta/2)$

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

17. एक दृढ़ वस्तु x-अक्ष पर स्थित किसी भी बिन्दु के सापेक्ष किलकित हो सकती है। जब से x पर किलकित है तो जड़त्व आघूर्ण

$I = 2x^2 - 12x + 27$

द्वारा दिया जाता है। द्रव्यमान केन्द्र का x निर्देशांक होगा

A. $x = 2$

B. $x = 0$

C. $x = 1$

D. $x = 3$

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

18. दी गयी स्थिति में एक छोटे ड्रम के साथ जुड़ा भारी पहिया छत से लटकी घर्षण रहित अक्ष से जुड़ी है। चकती एवं ड्रम रस्सी द्वारा लटके है परिधि पर लिपटी रस्सी से समान द्रव्यमान के दो ब्लॉक जुड़े है। प्रारम्भ में निकाय स्थिर है। जब ब्लॉक को मुक्त किया जाता है-



A. कुछ नही होगा, क्योंकि ब्लॉक का द्रव्यमान समान है।

B. दायीं ओर का ब्लॉक नीचे गिरेगा एवं बायीं ओर का ब्लॉक समान परिमाण के त्वरण से उपर होगा।

C. जब ब्लॉक गति करेगें दायीं ओर की रस्सी में तनाव बायीं ओर की रस्सी से कम होगा।

D. कौनसा ब्लॉक गिरेगा यह चकती ड्रम निकाय के जड़त्व आघूर्ण पर निर्भर करेगा।

Answer: C

उत्तर देखें

19. एक पेसिल को एक टेबल के ऊपर उधिर रूप से रखा गया है तथा इसका नुकीला सिरा उपर की ओर है। जब यह इस स्थिति से गिरता है तो इसका टेबल के सम्पर्क में स्थित विन्दु स्थिर रहता है। गिरने के दौरान शीर्ष बिन्दु का त्वरण ।

A. हर समय g से कम रहता है।

B. कुछ बिन्दु पर g से अधिक रहता है।

C. टेबल पर टकराने से ठीक पहले g है।

D. नियत है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

20. m द्रव्यमान की एक समरूप छड़ उपरी सिरे पर किलकीत है इसे क्षैतिज स्थिति से मुक्त किया जाता है। जब यह ऊर्ध्वाधर स्थिति में पहुंचेगी, कील पर आरोपित बल होगा?

A. 3mg/2

B. 2mg

C. 5mg/2

D. 7mg/2

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

21. m द्रव्यमान एवं 3L लम्बाई की एवं समांगी छड़ चित्र में दी गयी स्थिति से उर्ध्वाधर तल में मुक्त की जाती है। छड़ को मुक्त करने के बाद प्रारम्भिक कोणीय त्वरण α होगा।



A. $\frac{3g}{L}$

B. $\frac{g}{2L}$

C. $\frac{2g}{3L}$

D. $\frac{3g}{2L}$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

22. L लम्बाई एवं M द्रव्यमान का झण्डे का समरूप डण्डा घर्षण रहित कब्जे (hinge) से धरातल पर किलकित है। डण्डा क्षैतिज से θ कोण पर है। एक सिरे के सापेक्ष डण्डे का जड़त्व आघूर्ण $\left(\frac{1}{3}\right)ML^2$ है। यदि चित्र में दी गयी स्थिति से डण्डा गिरना प्रारम्भ करता हो तो P से अंकित डण्डे के दूसरे सिरे का रेखीय त्वरण

क्या होगा



A. $(2/3)g\cos\theta$

B. $(2/3)g$

C. g

D. $(3/2)g\cos\theta$

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

23. किसी अक्ष के पारितः जड़त्व आघूर्ण $1.2 \quad - \quad ^{2}$ है। इस प्रारम्भ में पिण्ड विराम में है । 1500` जूल की घूर्णन गतिज ऊर्जा उप्तन्न करने के लिए 25 रेडियन/"से"^(2) के त्वरण को पर निम्न समय के लिए आपरोपित करना होगा

A. 4 sec

B. 2 sec

C. 8 sec

D. 10 sec

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

24. कुल लम्बाई 2l की एक L आकृति की पतली एक समान छड़ चित्र में दर्शाये अनुसार P पर एक क्षैतिज अक्ष के सापेक्ष ऊर्ध्वाधर तल में घूर्णन करने के लिये स्वतन्त्र है। छड़ को विराम से छोड़ा जाता है। वायु तथा सम्पर्क घर्षण को नगण्य मानिये। उस क्षण पर कोणीय वेग, जब यह 90° से घूम चुकी है तथा दर्शायी गई बिन्दुवत् स्थिति पर पहुंच चुकी हो, है - ____



A. शून्य

B. $\sqrt{\frac{6g}{5l}}$

C. $\sqrt{\frac{3g}{5l}}$

D. कोई नहीं

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

25. एक घिरनी केन्द्र से किलकित है एवं द्रव्यमान रहित रस्सी इसके चारों ओर लिपटी हुई है। स्थिरवस्था से प्रारम्भ करके रस्सी स्थिर बल F द्वारा खीची जाती है। समय के बढ़ने के साथ



A. कोणीय वेग बढ़ेगा, लेकिन किलकित बिन्दु पर बल स्थिर रहेगा

B. कोणीय वेग समान रहेगा परन्तु किलकित बिन्दु पर बल बढ़ेगा

C. कोणीय वेग बढ़ेगा एवं किलकित विन्दु पर बल बढ़ेगा

D. कोणीय वेग समान रहेगा एवं किलकित बिन्दु पर बल भी स्थिर रहेगा

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

26. $\left(\hat{i}+\hat{j}\right)m$ की स्थिति पर स्थित एक 2 kg द्रव्यमान के कण का वेग $2\left(+\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}\right)m/s$ है। Z-अक्ष के पारित इसका कोणीय संवेग $kg-m^2/s$ में होगा

A. zero

B. $+8$

C. 12

D. -8

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

27. m द्रव्यमान की एक गेंद v वेग से गति करते हुए एक दीवारे से प्रत्यास्थत रूप से चित्रानुसार टकराती है। टक्कर के बाद P के सापेक्ष कोणीय संवेग में परिवर्तन

होगा



A. $2mvd$

B. $2mvd\cos\theta$

C. $2mvd\sin\theta$

D. zero

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

28. M द्रव्यमान के दो समरूप गोलो की त्रिज्या R एवं 2R है। दोनों गोले व्यास से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष घूम रहे है। गोलो की घूर्णन गतिज ऊर्जा समान है? इन गोलों के कोणीय संवेग के परिमाण का अनुपात होगा $\frac{L_{2R}}{L_R}$ =

A. 4

B. $2\sqrt{2}$

C. 2

D. $\sqrt{2}$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

29. एक घूमता हुआ बर्फ में फिसलने वाला आदमी (ice skater) अपनी भुजाओं एवं मुक्त पैरो को शरीर के पास ला कर अपनी घूर्णन गति बढ़ा सकते है। इस

प्रक्रिया में किस प्रकार बर्फ में फिसलने वाले आदमी का कोणीय संवेग एवं गतिज ऊर्जा प्रभावित होती है ?

A. कोणीय संवेग समान जबकि गतिज ऊर्जा बढ़ती है।

B. कोणीय संवेग एवं गतिज ऊर्जा दोनो समान रहती है

C. कोणीय संवेग बढ़ेगा जबकि गतिज ऊर्जा समान रहेगी

D. कोणीय संवेग एवं गतिज ऊर्जा दोनों बढ़ेगी .

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

30. m द्रव्यमान का एक बच्चा I जड़त्व आघूर्ण, R त्रिज्या एवं ω प्रारम्भिक कोणीय वेग की चकती के कोने पर चित्रानुसार खड़ा है। बच्चा धरातल के सापेक्ष स्पर्श

रेखीय वेग v से चकती के किनारे कूदता है। चकती का नया कोणीय वेग हेगा।



A. $\sqrt{\frac{I\omega^2 - mv^2}{I}}$

B. $\sqrt{\frac{(I + mR^2)\omega^2 - mv^2}{I}}$

C. $\frac{I\omega - mvR}{I}$

D. $\frac{(I + mR^2)\omega - mvR}{I}$

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

वीडियो उत्तर देखें

31. m द्रव्यमान का एक v चाल से d लम्बाई एवं M=6m द्रव्यमान की छड़ जो केन्द्र पर घर्षण रहित अक्ष पर किलकीत है के लम्बवत् गतिशील है। यह छड़ से टकराता है एवं चिपट जाता है। छड़ का केन्द्र के सापेक्ष जडत्व आघूर्ण $Md^2/12$ है। टक्कर के बाद निकाय का कोणीय वेग होगा।

A. 2v/d

B. 2v/(3d)

C. v/d

D. 3v/(2d)

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

32. एक वृत्ताकार प्लेटफार्म एक क्षैतिज तल में इसके केन्द्र से गुजर रहे उर्ध्वाधर के परिता मुक्त रूप से घूर्णन कर सकता है। प्लेटफार्म के किनारे पर एक कछुआ बैठा हुआ है। अब प्लेटफार्म को ω_0, कोणीय वेग दिया गया है। जब कछुआ नियत वेग से प्लेटफार्म के कोर्ड (chord) के अनुदिश गति करता है (प्लेटफार्म के सापेक्ष) तो प्लेटफार्म का कोणीय वेग समय के साथ परिवर्ती होगा।

A. 

B. 

C. 

D. 

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

33. l लम्बाई एवं M द्रव्यमान की छड़ चिकनी क्षैतिज टेबल पर उर्ध्वाधर अक्ष के पारित घूम रही है। यह अक्ष से 1/3 दूरी पर स्थित कण से प्रत्यास्थत रूप से टकराती है एवं रूक जाती है। कण का द्रव्यमान होगा।



A. $3M$

B. $(3M)(4)$

C. $(3M)(2)$

D. $\frac{4M}{3}$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

34. एक पतली प्लेट जिसका द्रव्यमान M, लम्बाई L, तथा चौड़ाई 2d है को z-अक्ष के सापेक्ष घर्षण रहित अक्ष पर ऊर्ध्वाधर बांधा गया है। प्रारम्भ में वस्तु स्थिर है। फिर उसको हथौड़े की सहायता से बल-आघूर्ण τ दिया गया जो कोणीय आवेग, H पैदा करता है। z-दिशा में जिसका परिमाण $H = \int \tau dt$ है। z-अक्ष के

सापेक्ष उसकी कोणीय वेग ज्ञात करो?



A. $\frac{H}{Md^2}$

B. $\frac{2H}{Md^2}$

C. $\frac{3H}{Md^2}$

D. $\frac{4H}{Md^2}$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

35. एक वायुयान के पहिये इस प्रकार घूर्णन गति में है कि उतरते समय पहिये धरातल पर फिसलते नही है। यदि वायुयान पूर्व दिशा में गतिशील हो तो पहियो के कोणिय वेग सदिश की दिशा होगी?

A. पूर्व

B. पश्चिम

C. दक्षिण

D. उत्तर

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

36. बिन्दु $(0m, 8m)$से प्रारम्भ होकर एक कण $3\hat{i}m/s$ के स्थिर वेग से गति करता है। 5 सेकण्ड बाद कण की मूल बिन्दु के सापेक्ष कोणीय वेग होगा।



A. $\frac{8}{289}rad/s$

B. $\frac{3}{8}rad/s$

C. $\frac{24}{289}rad/s$

D. $\frac{8}{17}rad/s$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

37. एक दृढ़ वस्तु के दो बिन्दु चित्रानुसार गति कर रहे है। वस्तु का कोणीय वेग होगा।



A. $\frac{v}{2R}$

B. $\frac{v}{R}$

C. $\frac{2v}{R}$

D. $\frac{2v}{3R}$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

38. R त्रिज्या की एक चकती समान क्षैतिज सतह पर स्थिर कोणीय वेग से पूर्णतः लुढ़क रही है। बिन्दु P पर वेग एवं त्वरण सदिश के मध्य कोण होगा।



A. zero

B. 45°

C. 135°

D. $\tan^{-1}(1/2)$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

39. r त्रिज्या की एक उड़ने वाली चकती स्थिर चाल v_0 से एक वक्र के अनुदिश उड़ रही है। दर्शायी गई स्थिति में वक्र की वक्रता त्रिज्या 4r चकती का कोणीय

वेग स्थिर है। इस क्षण बिन्दु A का त्वरण होगा।



A. $\frac{v_0}{4r}$

B. $\frac{v_0^2}{2r}$

C. $\frac{v_0^2}{r}$

D. 0

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

40. एक यो-यो तुम्हारे हाथ से मुक्त होता है जिसकी रस्सी तुम्हारा अंगुली में लिपटी हुई है। यदि तुम अपने हाथ को स्थिर रखते हो तो यो-यो का त्वरण होगा

A. नीचे की ओर, g से बहुत ज्यादा

B. नीचे की ओर, g से बहुत कम

C. ऊपर की ओर, g से बहुत कम

D. उपर की ओर, g से बहुत ज्यादा

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

41. एक चरखी (spool) जिसकी आन्तरिक एवं बाह्य त्रिज्या क्रमशः r एवं R है। आन्तरिक सतह पर एक रस्सी लिपटी हुई है एवं खुरदरी क्षैतिज सतह पर रखी हुई है। रस्सी को चित्रानुसार F बल द्वारा खींचा जाता है। पूर्णतः लोटकन गति में ।



A. रस्सी खुलेगी, चरखी (spool) वामावर्त घूमेगा एवं घर्षण बायीं ओर होगा

B. रस्सी लिपटेगी, चरखी (spool) दक्षिणावर्त घमेगा एवं घर्षण बाथी और होगा।

C. रस्सी लिपटेगी, चरखी (spool) दायी ओर गति करेगा एवं घर्षण दायी ओर होगा

D. रस्सी लिपटेगी, चरखी (spool) दायीं ओर घूमेगा एवं घर्षण अस्तित्व में नहीं आएगा

Answer: B

उत्तर देखें

42. घूमता हुआ एक गोला जिसका केन्द्र स्थिर है चित्र (a) एवं (b) के अनुसार कोनो पर स्थिर रखा हुआ है। गोले एवं सभी सतहों के मध्य घर्षण गुणांक $\frac{1}{3}$ है। धरातल द्वारा (a) एवं (b) अवस्था में घर्षण बल का अनुपात $\frac{f_a}{f_b}$



A. 1

B. $\frac{9}{10}$

C. $\frac{10}{9}$

D. none

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

43. एक क्षैतिज चिकने तल पर रखी वस्तु को वस्तु के शीर्ष बिन्दु पर आरोपित क्षैतिज बल द्वारा खींचा जाता है। यदि वस्तु सतह पर लुढ़क रही हो तो आकार हो सकता है।

A. पतला पाइप

B. समरूप बेलन

C. समरूप गोला

D. पतला गोलीय कोश

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

44. एक बेलन आनत तल पर ऊपर की ओर लुढ़कता है, कुछ ऊँचाई तक पहुँचता है तथा फिर नीचे की ओर लुढ़क जाता है। बेलन पर कार्यरत घर्षण बल की दिशा है।

A. नत तल में उपर की ओर जब उपर गति हो, नत तल में नीचे जब नीचे गति हो।

B. नत तल में उपर की ओर चाहे नीचे गति हो या उपर।

C. नत तल में नीचे जब उपर गति हो नत तल में उपर जब नीचे गति हो।

D. नत तल में नीचे चाहे गति उपर हो या नीचे।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

45. एक ठोस गोला v वेग (द्रव्यमान केन्द्र को) एवं ω कोणीय आवृति से धीरे से खुरदरी क्षैतिज सतह पर रखा जाता है। गोले पर घर्षण बल होगा।

A. निश्चित रूप से आगे की ओर (v की दिशा में)

B. निश्चित रूप से पीछे की ओर (v के विपरीत)

C. शून्य नही होगा

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

46. एक डम्बल (dumbbell) पर । समय के लिये बल पहले (i) की तरह फिर (ii) की तर आरोपित किया जाता है। जिस अवस्था से डम्बल के द्रव्यमान केन्द्र की चाल ज्यादा होगी?



A. (i)

B. (ii)

C. कोई अन्तर नही होगा

D. उत्तर डम्बल के घूर्णन आघूर्ण पर निर्भर करेगा

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

47. ठोस बेलन का अक्ष के पारित जड़त्व आघूर्ण $(1/2)MR^2$ द्वारा दिया जाता है। यदि बेलन बिना फिसले लुढ़क रहा हो तो घूर्णन गतिज ऊर्जा एवं रेखीय गतिज ऊर्जा का अनुपात होगा।

A. $1:1$

B. $2:2$

C. $1:2$

D. $1:3$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

48. m द्रव्यमान एवं r त्रिज्या का एक छोटा गोला A, $R(>>r)$ त्रिज्या के बडे अर्द्धगोलाकार कटोरे में बिना फिसले लुढ़क रहा है। यदि गोला अर्द्धगोले के शीर्ष बिन्दु से स्थिर अवस्था से प्रारम्भ होता है जब यह निचले बिन्दु B पर होता है तो छोटे गोले द्वारा बड़े पर आरोपित अभिलम्ब बल होगा।



A. $\frac{10}{7}mg$

B. $\frac{17}{7}mg$

C. $\frac{5}{7}mg$

D. $\frac{7}{5}mg$

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

49. एक छल्ला एवं ठोस बेलन का समानर द्रव्यमान एवं त्रिज्या है। दोनों क्षैतिज सतह पर बिना फिसले लुढ़क रह है। यदि दोनों की गतिज ऊर्जाए समान हो तब

A. छल्ला (Hoop) की रेखीय चाल बेलन से ज्यादा होगी

B. बेलन की रेखीय चाल छल्ला (Hoop) से ज्यादा होगी

C. छल्ला (Hoop) एवं बेलन की समान रेखीय चाल होगी

D. छल्ला (Hoop) की घूर्णन चाल बेलन से ज्यादा होगी

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

50. एक गेंद नत तल पर लुढ़क रही है। पहले गेंद P से मुक्त की जाती है। फिर Q से मुक्त की जाती है। निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?

(i) Q से O तक लुढ़कने में लगा समय P से O तक लुढ़कने में लगे समय का दुगना होगा

(ii) गेंद का Qपर त्वरण P पर त्वरण का दुगुना होगा ।

(iii)Q से लुढ़कने पर O पर गतिज ऊर्जा P से लुढ़कने पर गतिज ऊर्जा की दुगनी



A. केवल i, ii

B. केवल i, iii

C. केवल i

D. केवल iii

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

51. M द्रव्यमान एवं R त्रिज्या का गोला I लम्बाई की हल्की छड़ द्वारा P बिन्दु पर बंधी है। गोला वृताकार पथ पर बिना फिसले चित्रानुसार लुढ़क रहा है। यह क्षैतिज से मुक्त किया जाता हैं। जब छड़ उर्ध्वाधर होगी तो निकाय का P के सापेक्ष

कोणीय संवेग होगा।



A. $M\sqrt{\frac{10}{7}gl}[l+R]$

B. $M\sqrt{\frac{10}{7}gl}\left[l+\frac{2}{5}R\right]$

C. $M\sqrt{\frac{10}{7}gl}\left[l+\frac{7}{5}R\right]$

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

52. एक समरूप वृताकार चकती जिसका प्रारम्भिक वेग v_0 एवं कोणीय वेग ω_0 , है चित्रानुसार खुरदरी क्षैतिज सतह पर रखी जाती है। गति की दिशा में कुछ दरी तय करने के समय बाद चकती स्थिर हो जाती है। तब $\frac{v_0}{r\omega_0}$ होगा।



A. $\frac{1}{2}$

B. 1

C. $\frac{3}{2}$

D. 2

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

53. m द्रव्यमान एवं l लम्बाई की एक समरूप छड़ AB चिकनी क्षैतिज सतह पर रखी है। छड़ के लम्बवत् क्षैतिज दिशा में समय बाद चाल B सिरे पर आवेग J आरोपित किया जाता है। केन्द्र से A की ओर $\frac{l}{6}$ दूरी पर कण p की चाल $t = \frac{\pi ml}{12J}$ होगी।

A. $2\frac{J}{m}$

B. $\frac{J}{\sqrt{2}m}$

C. $\frac{J}{m}$

D. $\sqrt{2}\frac{J}{m}$

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

54. चित्र में द्रव्यमान मान केन्द्र (CM) से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष घूमती हुई चार वस्तुएं दर्शायी गयी है। इनमें से किसमें द्रव्यमान मान केन्द्र के सापेक्ष कोणीय संवेग, कोणीय वेग की दिशा में होगा।



A. अर्द्ध कोण

B. बोतल

C. अनिश्चित आकार का आलू

D. छड़

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

55. m द्रव्यमान का एक खोखला चिकना समरूप गोला Aचिकनी क्षैतिज सतह पर बिना फिसले लुढ़क रहा है। यह एक समान द्रव्यमान एवं समान त्रिज्या के दूसरे चिकने गोले B से सम्मुख प्रत्यास्थ रूप से टकराता है। टक्कर के तुरन्त बाद B और A की गतिज ऊर्जाओं का अनुपात होगा।



A. $1:1$

B. $2:3$

C. $3:2$

D. None

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

56. एक समान तार से बना हुआ एक समबाहु त्रिभुज ABC दो समरूप छोटी मोतियों (beads) जो प्रारम्भ में A पर निर्देशित है, पर रखे हुए है। त्रिभुज उर्ध्वाधर अक्ष AO के परिता घूर्णन कर रहा है। तब मोतियों को एकसाथ विरामावस्था से मुक्त किया जाता है तथा नीचे की ओर फिसलने दिया जाता है। (दर्शाए अनुसार एक लम्बी AB तथा दूसरी AC के अनुदिश) घर्षण प्रभावों को नगण्य मानिएँ,

राशियां जो संरक्षित है जैसे ही मोतियों नीचे की ओर फिसलती है, है-



A. कोणीय वेग व कुल ऊर्जा (गतिज तथा स्थितिज)

B. कुल कोणीय संवेग व कुल ऊर्जा

C. कोणीय वेग व घूर्णन अक्ष के परिता जड़त्व आघूर्ण

D. कुल कोणीय संवेग व घूर्णन अक्ष के परिता जड़त्व आघूर्ण

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

57. एक लघु ठोस गोला चित्र में दर्शाये अनुसार R त्रिज्या के एक बड़े स्थिर अर्द्धगोलीय प्याले के भीतर बिना फिसले लुढ़कता है। यदि गोला अर्द्धगोले के शीर्ष विन्दु पर से विराम से प्रारम्भ करता। है तो लघु गोले द्वारा अर्द्धगोले पर लगाया गया अभिलम्बवत बल ज्ञात कीजिये जब यह अर्द्धगोले के पैंदे B पर है।



A. $\frac{17}{7}mg$

B. $\frac{2}{5}mg$

C. $\frac{5}{7}mg$

D. $\frac{7}{5}mg$

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

58. P से गुजरने वाली एवं प्लेट के लम्बवत् आयताकार प्लेट का जड़त्व आघूर्ण I है। प्लेट के तल के लम्बवत् प्लेट PQR का जड़त्व आघूर्ण होगा।



A. P के सापेक्ष = I

B. R के सापेक्ष R = I

C. P के सापेक्ष P = I/2

D. R के सापेक्ष R =I/2

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

59. R' व '2R' त्रिज्या की दो चकतियां क्रमशः A व B दर्शाये अनुसार एक क्षैतिज सतह पर स्थित है। चकती Aको गतिहीन रखते हुए चकती B को बिना फिसलायें इसके परितः घूर्णन कराया जाता है। जब चकती B अपनी प्रारम्भिक स्थिति पर पहुंचती है, तो वह कोण जो यह घूम चुकी है, होगा -



A. 2π रेडियन

B. 20 रेडियन

C. 60 रेडियन

D. π रेडियन

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

60. L लम्बाई की एक सीढ़ी जिसके सिरे ऊर्ध्वाधर दीवार एवं क्षैतिज सतह पर है। फिसल रही है। किसी क्षण जो सिरा दौतिज तल के सम्पर्क में है, की चाल v है एवं सीढ़ी क्षैतिज से $\alpha = 30^\circ$ का कोण बनाती है। सीढ़ी के केन्द्र की चाल होगी।

A. $2v/\sqrt{3}$

B. $v/2$

C. v

D. None

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

वीडियो उत्तर देखें

61. उपरोक्त प्रश्न में यदि $dv/dt = 0$हो तो जब $\alpha = 45^\circ$ पर हो तब सीढ़ी का कोणीय त्वरण होगा।

A. $2v/L^2$

B. $v^2/2L^2$

C. $\sqrt{2}[v^2/L^2]$

D. None

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

62. m द्रव्यमान का आइस स्केटिंग करने वाला टुकड़ा 2v चाल से दायीं ओर एवं समान द्रव्यमान m का दूसरा आइस स्केटिंग करने वाला बांयी ओर चित्र के

अनुसार गति कर रहा है। उनके पथों के मध्य दूरी d है। t = 0 पर जब दोनों x = 0 पर है, वे नगण्य द्रव्यमान के b लम्बाई के खम्बे से चिपक जाते है। t > 0 के लिये b दूरी पर चित्र II के अनुसार दों द्रव्यमानों की दृढ वस्तु को एक निकाय मानो। प्रारम्भ में $y = b/2$ पर स्केटिंग करने वाले की $t = 0$ के बाद की गति के लिये सही सूत्र होगा ?



Figure I



Figure II

A. $x = 2vt, y = b/2$

B. $x = vt + 0.5b\sin(3vt/b), y = 0.5b\cos(3vt/b)$

C. $x = 0.5vt + 0.5b\sin(3vt/b), y = 0b\cos(3vt/b)$

D. $x - 0.5vt + 0.5b\sin(6vt/b), y = 0.5b\cos(6vt/b)$

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

63. एक क्षैतिज टेबल कपड़े द्वारा ढ़की है। इसके शीर्ष पर गोल आकार की समरूप वस्तु रखी हुई है। कपड़े को नीचे से खीची जाती है। घर्षण के कारण वस्तु फिसलती है एवं लुढ़कना प्रारम्भ कर देती है। टेबल पर वस्तु की अंतिम की गति होगी। (यह मानते हुए कि टेबल बहुत बड़ी है तथा वस्तु नीचे नही गिरती है)।



A. अन्त में वस्तु बाथी तरफ लुढ़केगी

B. अन्त में वस्तु स्थिर हो जाएगी

C. अन्त में वस्तु दायी तरफ लुढ़केगी

D. उपरोक्त में से कुछ भी सम्भव है यह वस्तु के आकार पर निर्भर करेगी

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

Exercise 1 Objective Questions Paragraph Type

1. चित्र में M द्रव्यमान एवं L आधार का समद्विबाहु त्रिभुजाकार प्लेट दर्शायी गयी है। शिखर का कोण 90° है। शिखर मूल बिन्दु पर है एवं आधार X-अक्ष के समानान्तर है।



प्लेट का O से गुजरने वाले z-अक्ष के पारित जड़त्व आघूर्ण होगा।

A. $\frac{ML^2}{12}$

B. $\frac{ML^2}{24}$

C. $\frac{ML^2}{6}$

D. None of these

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

2. चित्र में M द्रव्यमान एवं L आधार का समद्विबाहु त्रिभुजाकार प्लेट दर्शायी गयी है। शिखर का कोण 90° है। शिखर मूल बिन्दु पर है एवं आधार X-अक्ष के समानान्तर है।



प्लेट का O से गुजरने वाले X-अक्ष के पारित जड़त्व आघूर्ण होगा।

A. $\frac{ML^2}{8}$

B. $\frac{ML^2}{32}$

C. $\frac{ML^2}{24}$

D. $\frac{ML^2}{6}$

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

3. चित्र में M द्रव्यमान एवं L आधार का समद्विबाहु त्रिभुजाकार प्लेट दर्शायी गयी है। शिखर का कोण 90° है। शिखर मूल बिन्दु पर है एवं आधार X-अक्ष के समानान्तर है।



प्लेट का x-अक्ष के समान्तर आधार के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा+E49।

A. $\frac{ML^2}{18}$

B. $\frac{ML^2}{36}$

C. $\frac{ML^2}{24}$

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

4. चित्र में M द्रव्यमान एवं L आधार का समद्विबाहु त्रिभुजाकार प्लेट दर्शायी गयी है। शिखर का कोण 90° है। शिखर मूल बिन्दु पर है एवं आधार X-अक्ष के समानान्तर है।



प्लेट का O से गुजरने वाले y-अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा।

A. $\frac{ML^2}{6}$

B. $\frac{ML^2}{8}$

C. $\frac{ML^2}{24}$

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

5. दिये गये प्रश्न में बेलन पर आरोपित घर्षण बल की दिशा दर्शाओं। बेलन खुरदरी सतह पर स्थिर बल F द्वारा खींचा गया है



M द्रव्यमान एवं R त्रिज्या का एक बेलन क्षैतिज बल F द्वारा खीचा जाता है। निम्न में से किस चित्र द्वारा घर्षण बल दर्शाया जाएगा।

A.

B. 

C. 

D. ज्ञात नहीं कर सकते।

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

6. दिये गये प्रश्न में बेलन पर आरोपित घर्षण बल की दिशा दर्शाओं। बेलन खुरदरी सतह पर स्थिर बल F द्वारा खींचा गया है



एक बेलन द्रव्यमान केन्द्र से नीचे चित्रानुसार स्थित विन्दु पर क्षैतिज बल F द्वारा खींचा जाता है। निम्न में से किस चित्र द्वारा घर्षण बल दर्शाया जाएगा।

A.

B.

C. 

D. ज्ञात नहीं कर सकते।

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

7. दिये गये प्रश्न में बेलन पर आरोपित घर्षण बल की दिशा दर्शाओं। बेलन खुरदरी सतह पर स्थिर बल F द्वारा खींचा गया है



एक बेलन को क्षैतिज दिशा में बल F द्वारा खींचा जा रहा है, जो कि चित्रानुसार द्रव्यमान केन्द्र के उपर लग रहा है। किस चित्र में घर्षण बल की सही दिशा दी गई है।

A.

B.

C. 

D. ज्ञात नहीं कर सकते।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

8. दिये गये प्रश्न में बेलन पर आरोपित घर्षण बल की दिशा दर्शाओं। बेलन खुरदरी सतह पर स्थिर बल F द्वारा खींचा गया है



एक बेलन चिकनी सतह पर रखे खुरदरे तख्ते पर रखा है। तखते को स्थिर बल F द्वारा खींचा जाता है। निम्न में से किस चित्र द्वारा घर्षण बल दर्शाया जाएगा।

A.

B.





C.

D. ज्ञात नहीं कर सकते।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

9. सन् 1978 न्यूज़ीलैंड में एक मोटर साइकिल चालक 30 m/s की गति से एक 37° पर बनी पट्टी से, हवा में छलांग लगाता है। यह छलांग लगाकर वहाँ खड़े हुए हवाई जहाज के उपर से होकर बराबर ऊँचाई पर बनी दूसरी पट्टी पर जाता है। जब चालक ने छलांग लगाई तो इंजन की आवाज से दर्शक यह जान गये कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। छलांग लगाते समय उसे उपरोधक बन्द कर देना चाहिये था जिससे पीछे वाले पहिये पर आघूर्ण लगना बंद हो जाता है। जोकि

उसने नहीं किया, जिससे पिछले पहिये का कोणिय वेग अचानक अधिकतम 160 rad/s हो गया तथा मोटर साईकिल अपने द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष घूम गई जिससे उसकी हवा में स्थिति बदल गई और सही प्रकार से दूसरी पट्टी पर मोटर साईकिल नहीं पहुँच सकी।

निम्न तथ्यों को माने तो : पहिये की त्रिज्या 0.30 m मोटर साइकिल का जड़त्व आघूर्ण उसके द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष $20kg.\,m^2$ पिछले पहिये का जड़त्व आघूर्ण उसके केन्द्र के सापेक्ष $0.40kg.\,m^2$ | पिछले पहिये का कोणिय वेग तुरन्त अधिकतम हो जाता है तथा छलांग लगाते समय पहिया लुढ़कन गति कर रहा है एवं आदमी का प्रभाव मोटर साइकिल पर नगण्य है। मानाकि पहियों का केन्द्र व मोटरसाईकिल का द्रव्यमान केन्द्र समान रेखा में होते है।

जब मोटर साइकिल हवा में थी तो

A. पिछला पहिया दक्षिणवर्त दिशा में तथा मोटर साइकिल वामावर्त दिश में घूम रही है

B. पिछला पहिया वामावर्त दिशा में तथा मोटर साइकिल दक्षिणवर्त दिशा में घूम रही है

C. पिछला पहिया एवं मोटर साइकिल दक्षिणवर्त दिशा में घूम रही है।

D. पिछला पहिया एवं मोटर साइकिल वामावर्त दिशा में घूम रही है

Answer: B

उत्तर देखें

10. सन् 1978 न्यूज़ीलैंड में एक मोटर साइकिल चालक 30 m/s की गति से एक 37° पर बनी पट्टी से, हवा में छलांग लगाता है। यह छलांग लगाकर वहाँ खड़े हुए हवाई जहाज के उपर से होकर बराबर ऊँचाई पर बनी दूसरी पट्टी पर जाता है। जब चालक ने छलांग लगाई तो इंजन की आवाज से दर्शक यह जान गये कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। छलांग लगाते समय उसे उपरोधक बन्द कर देना चाहिये था जिससे पीछे वाले पहिये पर आघूर्ण लगना बंद हो जाता है। जोकि उसने नहीं किया, जिससे पिछले पहिये का कोणिय वेग अचानक अधिकतम 160 rad/s हो गया तथा मोटर साईकिल अपने द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष घूम गई जिससे उसकी हवा में स्थिति बदल गई और सही प्रकार से दूसरी पट्टी पर मोटर

साईकिल नहीं पहुँच सकी।

निम्न तथ्यों को माने तो : पहिये की त्रिज्या 0.30 m मोटर साइकिल का जड़त्व आघूर्ण उसके द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष $20kg.\ m^2$ पिछले पहिये का जड़त्व आघूर्ण उसके केन्द्र के सापेक्ष $0.40kg.\ m^2$ | पिछले पहिये का कोणिय वेग तुरन्त अधिकतम हो जाता है तथा छलांग लगाते समय पहिया लुढ़कन गति कर रहा है एवं आदमी का प्रभाव मोटर साइकिल पर नगण्य है। मानाकि पहियों का केन्द्र व मोटरसाईकिल का द्रव्यमान केन्द्र समान रेखा में होते है।

मोटर साइकिल को प्रक्षेप्य की तरह मानते पर वह कितने समय हवा में है।

A. 4.8 sec.

B. 1.2 sec.

C. 3.6 sec.

D. 2.4 sec.

Answer: C

उत्तर देखें

11. सन् 1978 न्यूजीलैंड में एक मोटर साइकिल चालक 30 m/s की गति से एक 37° पर बनी पट्टी से, हवा में छलांग लगाता है। यह छलांग लगाकर वहाँ खड़े हुए हवाई जहाज के उपर से होकर बराबर ऊँचाई पर बनी दूसरी पट्टी पर जाता है। जब चालक ने छलांग लगाई तो इंजन की आवाज से दर्शक यह जान गये कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। छलांग लगाते समय उसे उपरोधक बन्द कर देना चाहिये था जिससे पीछे वाले पहिये पर आघूर्ण लगना बंद हो जाता है। जोकि उसने नहीं किया, जिससे पिछले पहिये का कोणिय वेग अचानक अधिकतम 160 rad/s हो गया तथा मोटर साईकिल अपने द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष घूम गई जिससे उसकी हवा में स्थिति बदल गई और सही प्रकार से दूसरी पट्टी पर मोटर साईकिल नहीं पहुँच सकी।

निम्न तथ्यों को माने तो : पहिये की त्रिज्या 0.30 m मोटर साइकिल का जड़त्व आघूर्ण उसके द्रव्यमान केन्द्र के सापेक्ष $20kg.\,m^2$ पिछले पहिये का जड़त्व आघूर्ण उसके केन्द्र के सापेक्ष $0.40kg.\,m^2$ | पिछले पहिये का कोणिय वेग तुरन्त अधिकतम हो जाता है तथा छलांग लगाते समय पहिया लुढ़कन गति कर रहा है एवं आदमी का प्रभाव मोटर साइकिल पर नगण्य है। मानाकि पहियों का

केन्द्र व मोटरसाईकिल का द्रव्यमान केन्द्र समान रेखा में होते है।

उड़ान के दौरान मोटर साइकिल रेडियन में कितना कोण घुमती है ?

A. 4.32 rad.

B. 1.56 rad.

C. 2.48 rad.

D. 3.78 rad.

Answer: A

उत्तर देखें

12. घूमती हुई टेबल पर एक समरूप छड़ इस प्रकार स्थित है कि इसका निचला सिरा टेबल की अक्ष पर स्थित है एवं यह उर्ध्वाधर से 20° कोण पर है। (छड़ एक सिरे से गुजरने वाली अक्ष के पारित समरूप कोणीय वेग से घूम रहा है। यदि उपर से देखने पर टेबल दक्षिणावर्त घूम रही हो तो -



छड़ के कोणीय संवेग सदिश की दिशा होगी (निचले सिरे के सापेक्ष)?

A. उर्ध्वाधर नीचे की ओर

B. क्षैतिज से 20 नीचे

C. क्षैतिज से 20° उपर

D. उर्ध्वाधर उपर की ओर

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

13. घूमती हुई टेबल पर एक समरूप छड़ इस प्रकार स्थित है कि इसका निचला सिरा टेबल की अक्ष पर स्थित है एवं यह उर्ध्वाधर से 20° कोण पर है। (छड़ एक सिरे से गुजरने वाली अक्ष के पारित समरूप कोणीय वेग से घूम रहा है। यदि उपर से देखने पर टेबल दक्षिणावर्त घूम रही हो तो -



क्या इस पर कोई बलाघूर्ण लग रहा है, यदि है तो किस दिशा में ?

A. हाँ, उर्ध्वाधर

B. हाँ, क्षैतिज

C. हाँ, क्षैतिज से 20° पर

D. नहीं

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

Exercise 1 Objective Questions Reasoning Type

1. दिए गये कथनों के सन्दर्भ में

कथन 1: किसी दृढ़ वस्तु का किसी समान्तर अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण का मान न्यूनतम होगा जब घूर्णन अक्ष इसके द्रव्यमान केन्द्र से गुजरती है।

कथन 2 : समरूप गुरूत्वीय क्षेत्र में किसी दृढ़ वस्तु का भार सदैव द्रव्यमान केन्द्र पर लगता है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

2. कथन I : यदि दो अक्ष अलग-अलग दृढ़ वस्तु के द्रव्यमान केन्द्र से समान दूरी पर स्थित हो तो दोनों अक्षों के सापेक्ष जड़त्वआघूर्ण समान होगा।

कथन 2: समान्तर अक्ष प्रमेय से $I = I_{cm} + md^2$ जहाँ सभी का सार्थक अर्थ है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

3. कथन 1 : किसी दृढ़ वस्तु का द्रव्यमान केन्द्र से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण अन्य किसी समान्तर अक्ष की तुलना में कम होता है।

कथन 2: न्यूटन बल नियम आरोपित करने के लिये वस्तु का कुल द्रव्यमान उसके द्रव्यमान केन्द्र पर माना जा सकता है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

4. समान द्रव्यमान एवं त्रिज्या की बेलन एवं गोला सम्मित अक्ष के सापेक्ष दो अलग अलग वस्तुओं पर समान बलाघूर्ण लगाया जाता है। दोनों ही प्रारम्भ में स्थिर है। दर्शायी गयी सम्मित अक्षके सापेक्ष एक चक्कर लगाने के बाद



कथन 1 : बेलन की गतिज ऊर्जा गोले से ज्यादा होगी।

कथन 2 : बेलन का जड़त्व आघूर्ण गोले से ज्यादा होगा।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

5. निम्न कथनों के सन्दर्भ में

कथन - 1 : वक्र में मुड़ते हुए साइकिल सवार सदैव अंदर की ओर झुकता है।

कथन - 2 : झुकने से इसका गुरुत्वीय केन्द्र नीचे हो जाता है। निम्न में से

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

6. L लम्बाई की एक समरूप छड़ एक सिरे से किलकीत है एवं किलन बिन्दु के सापेक्ष बिना घर्षण के घूर्णन के लिये मुक्त है। किलन बिन्दु से x दूरी पर बल F इस प्रकार से आरोपित किया जाता है कि बल सदैव छड़ के लम्बवत् रहता है। x का 0 से L बढ़ाने पर।

कथन 1 : किलन द्वारा आरोपित प्रतिक्रिया बल का छड़ क लम्बाई के लम्बवत् घटक बढ़ेगा।

कथन 2 : छड़ का कोणीय त्वरण बढ़ेगा।



A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

7. कथन 1: एक स्थिर खुरदरी क्षैतिज सतह पर एक दृढ़ चकती बिना फिसले स्थिर कोणीय वेग से लुढ़क रही है। चकती के निम्नतम बिन्दु का त्वरण शून्य होगा।

कथन 2 : एक स्थिर खुरदरी क्षैतिज सतह पर बिना फिसले लुढक रही चकती निम्नतम बन्दु का वेग शून्य होगा।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

8. कथन 1 : एक तल में स्थित समतल दृढ़ वस्तु के सभी बिन्दुओं का कोणीय वेग इस पर स्थित किसी दूसरे बिन्दु से देखने पर समान होगा।

कथन 2 : दृढ़ वस्तु में किन्ही दो बिन्दुओं के मध्य दूरी सदैव स्थिर रहती है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

9. कथन I : R त्रिज्या की गोल आकार की स्थिर धरातल पर लुढ़क रही वस्तु के द्रव्यमान केन्द्र के वेग का परिमाण ωR से दिया जाता है। जहाँ ω इसका कोणीय वेग है।

कथन 2 : जब द्रव्यमान वितरण समरूप हो तो गोल आकार की वस्तु का केन्द्र इसका द्रव्यमान केन्द्र होगा।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

10. कथन 1: एक वस्तु चिकनी वेज सतह पर लुढ़क नही सकती है।

कथन 2: जब एक वस्तु पूर्णतः लुढ़क रही हो तो सम्पर्क बिन्दु सतह के सापेक्ष स्थिर रहना चाहिये।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

11. कथन 1 : CM तंत्र में घूमती हुई दृढ़ वस्तु की गतिज ऊर्जा $\frac{1}{2}I_{cm}\omega^2$ होगी जहाँ प्रतीको का सार्थक अर्थ है।

कथन 2 : CM तंत्र में दृढ़ वस्तु की गति केवल पूर्णतः घूर्णन गति होती है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

12. कथन 1 : यह मानते हुए कि किसी अन्य खखोलिय वस्तु की अनुपस्थिति में चन्द्रमा पृथ्वी के चारो ओर चक्कर लगा रहा है। चन्द्रमा का पृथ्वी के केन्द्र के सापेक्ष कोणीय संवेग संरक्षित रहेगा।

कथन 2: बाह्य बलों की अनुपस्थिति में निकाय का संवेग संरक्षित रहेगा।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

13. कथन 1: एक चकती Aचिकने क्षैतिज तल पर गति कर रही है एवं एक चिकनी ऊर्ध्वाधर दिवार (चित्र में ऊपर से दृश्य दर्शाया गया है) से प्रत्यास्थत रूप से टकराकर आगे वापस आती है। इस अवस्था में XY रेखा पर किसी भी बिन्दु के सापेक्ष चकती का कोणीय संवेग संरक्षित रहेगा।

कथन 2: तल में स्थित किसी भी बिन्दु के सापेक्ष गुरुत्व का एवं सतह द्वारा अभिलम्ब स्पर्श बल का बलाघूर्ण एक दूसरे को संतुलित करेगें।



A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

14. कथन 1 : किसी भी आकार की दृढ़ वस्तु का किसी अक्ष के सापेक्ष $\overrightarrow{L} = I\overrightarrow{\omega}$ सदैव सत्य होगा।

कथन 2 : $\overrightarrow{\tau} = \frac{d\overrightarrow{L}}{dt}$ जडत्वीय तंत्र में सदैव सत्य होता है।

A. कथन-1 सत्य है। कथन-2 सत्य है एवं कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-1 सत्य है कथन-2 सत्य है परन्तु कथन-2 कथन-1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-1 सत्य है, कथन-2 असत्य है।

D. कथन-1 असत्य है। कथन-2 सत्य है।

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

Exercise 1 Objective Questions Multiple Correct Choice Type

1. एक दृढ़ वस्तु स्थिर अक्ष के सापेक्ष वामावर्त दिशा में घूम रही है। यदि दृढ़ वस्तु 180° से ज्यादा परन्तु 360° से कम कोण पर घूमती हो तो निम्न में से कौनसा

युग्म दृढ़ वस्तु के प्रारम्भिक कोणीय स्थिति एवं अंतिम कोणीय स्थिति को दर्शा सकता है।

A. $3rad, 6rad$

B. $-1rad, 1rad$

C. $1rad, 5rad$

D. $-1rad, 2.5rad$

Answer: C::D

वीडियो उत्तर देखें

2. अनेक बलों के प्रभाव में एक वस्तु साम्यवस्था में है। प्रत्येक बल की क्रियारेखा अलग-अलग है। प्रत्येक बल की क्रिया रेखा अलग-अलग है। बलों की आवश्यक संख्या न्यूनतम होगी।

A. 2, यदि उनकी क्रिया रेखा वस्तु के द्रव्यमान केन्द्र से गुजरती है

B. 3, यदि उनकी क्रिया रेखा समानान्तर न हो

C. 3, यदि उनकी क्रिया रेखा समान्तर हो

D. 4, यदि उनकी क्रिया रेखा समान्तर हो एवं सभी बलो का परिमाण समान हो

Answer: B::C::D

वीडियो उत्तर देखें

3. w भार की एक छड़ नुकीले कोनो A एवं B पर साम्यवस्था में है। कोने एक दूसरे से d दूरी पर है। छड़ का द्रव्यमान केन्द्र A से x दूरी पर है।

A. A पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया में $\frac{wx}{d}$

B. A पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया $\frac{w(d-x)}{d}$

C. B पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया $\frac{wx}{d}$

D. B पर अभिलम्ब प्रतिक्रिया $\frac{w(d-x)}{d}$

Answer: B::C::D

वीडियो उत्तर देखें

4. एक वर्गाकार आधार वाले ब्लॉक की ऊँचाई h है, एवं यह एक नत तल पर स्थित है। घर्षण गुणाक μ है। तल का नत कोण (θ) धीरे-धीरे बढ़ाया जाता है। तब

